## शिवनारायण मारवाड़ी कन्या पाठशाला में पांच दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन

# बच्चों ने ज्ञानवर्धक गतिविधियों में लिया भाग, खूब मस्ती भी की

**समर कैंप में बहुत उत्साहित थीं सभी बच्चियां**

नवीन मेल संवाददाता। रांची



मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा के तत्वावधान में शिवनारायण मारवाड़ी कन्या पाठशाला में चल रहे पांच दिवसीय निःशुल्क समर कैंप का शनिवार को समापन हुआ। समर कैंप के पांचवें दिन 60 छात्राओं ने भाग लिया।

पांच दिवसीय समर कैंप में 300 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। इस समर कैंप में बच्चों को योग, चित्रकला, कराटे, नृत्य, क्रिएटिविटी, पर्सनैलिटी, डेवलपमेंट, वैदिक शिक्षा, सेवा कार्य, देशभक्ति, दैनिक जीवन के श्लोक सहित अनेक विषयों की शिक्षा दी गई। समर कैंप में सभी बच्चियां बहुत उत्साहित थीं एवं बहुत रुचि के साथ सभी ज्ञानवर्धक गतिविधियों में भाग लेते हुए खूब मस्ती भी की। विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर लड़कियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उन्होंने कहा, समर कैंप के आयोजन से हमारा आत्मविश्वास बढ़ा है। हम किसी भी विषम परिस्थिति का मुकाबला कर सकते हैं। कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षकों को उचित मानदेय और उपहार दिए गए। नेशनल कराटे कोच सुनील किस्पोट्टा ने लड़कियों को कराटे सीखाकर आत्मरक्षा के प्रति उन्हें जागरूक किया। बेबी शर्मा ने बच्चों को योग सीखाकर स्वास्थ के प्रति जागरूक किया। रेखा जैन ने बच्चों को सुंदर एवं आकर्षक पेंटिंग, चित्रकला बनाना सिखाया। नीतू विजयवर्गीय ने बच्चों को नृत्य का प्रशिक्षण दिया। मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा द्वारा आयोजित 12वें पांच दिवसीय समर कैंप के समापन समारोह के अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष कमल कुमार केडिया, उप सचिव विजय सरायका, शिक्षाविद मार्गदर्शक प्रभाकर अग्रवाल, मारवाड़ी महिला सम्मेलन की निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल, निवर्तमान राष्ट्रीय सचिव रूपा अग्रवाल, रांची शाखा अध्यक्ष मधु सर्राफ, सचिव उर्मिला पाड़िया, उपाध्यक्ष सरिता अग्रवाल, बबीता नारसरिया, रीता केडिया, पुष्पा अग्रवाल, रीना सुरेखा, सुनीता सरावगी, विद्या अग्रवाल, नेहा तुलस्यान सहित विद्यालय की प्राचार्या, शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में महिला सम्मेलन के सदस्य उपस्थित थे।

# ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री में पिता-पुत्र चुटिया से गिरफ्तार




नवीन मेल संवाददाता। रांची

डीआईजी सह एसएसपी रांची चंदन कुमार सिन्हा को शुक्रवार को सूचना मिली कि चुटिया थाना क्षेत्र के कृष्णापुरी में ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री की जा रही है। मिली सूचना के आलोक में रांची सिटी एसपी अजीत कुमार के दिशा निर्देश पर टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने छापामारी कर ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री के आरोप में पिता-पुत्र दोनों को गिरफ्तार कर लिया। बेटा राधेश्याम साव और पिता रामबाबू साव दोनों को ब्राउन शुगर की बिक्री करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से करीब 16.50 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। रामबाबू साव पूर्व में भी ब्राउन शुगर के बिक्री करने के आरोप में जेल जा चुका है। पकड़े गए दोनों अभियुक्तों से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा

# नशा कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए

**डीसी ने दिया निर्देश**

- ड्रंक एंड ड्राइव मामलों में जीरो टॉलरेंस के तहत कार्रवाई हो
- नंबर प्लेट पर टेप चिपकाने वालों पर भी कार्रवाई की जाए
- स्कूल, बस, वैन एवं ऑटो की उचित जांच की जाए
- ओवर स्पीड और ओवरलोडिंग पर पर कड़ी कार्रवाई हो



**अवैध पार्किंग पर तुरंत कार्रवाई हो**

रांची के प्रमुख चौक-चौराहों, सड़कों एवं स्थानों पर अवैध पार्किंग को लेकर उपायुक्त ने फौरन कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि यातायात व्यवस्था बाधित न हो, यह सुनिश्चित करते हुए अवैध पार्किंग पर फौरन कार्रवाई करें। इसके अतिरिक्त ब्लैक स्पॉट, स्पीड ब्रेकर लगाने, साइनऐज लगाने, हिट एंड रन मुआवजा निष्पादन एवं अतिक्रमण हटाने की भी समीक्षा करते हुए उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची में ड्रंक एंड ड्राइव मामलों में जीरो टॉलरेंस के तहत कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने शनिवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में नशा कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, सदर उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक, यातायात कैलाश करमाली, जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार एवं सड़क सुरक्षा समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने नशा कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्ती बरतते हुए जीरो टॉलरेंस के तहत कड़ी कार्रवाई करने को कहा। पुलिस अधीक्षक यातायात एवं जिला परिवहन पदाधिकारी को अभियान चलाकर नशे में वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई का निर्देश दिया है। उपायुक्त द्वारा विशेषकर युवाओं को किसी प्रकार से आयोजन में आने-जाने के लिए कैब या चालक की व्यवस्था करने की भी सलाह दी गई है, ताकि सड़क दुर्घटना से बचा जा सके।

बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि शहर में वाहनों के नंबर प्लेट पर टेप चिपकाकर चलने वालों के खिलाफ भी बड़ी संख्या में कार्रवाई की गई है। उपायुक्त भजन्त्री ने ऐसे वाहन मालिकों की वाहन जब्ती, जुर्माना और मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करने को कहौ।

बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा पीपीटी में माध्यम से रांची जिले में वर्ष 2025 में जनवरी, फरवरी एवं मार्च महीने में सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी दी गई। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि इन तीन महीनों में जिला में कुल 226 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिसमें 164 लोगों की मृत्यु हुई जबकि गंभीर रूप से 11 लोग घायल हुए और 108 लोगों को हल्की चोटें आईं। इस पर उपायुक्त ने दुर्घटना के कारणों और यातायात नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए ओवर स्पीडिंग पर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर उपायुक्त, भजन्त्री द्वारा स्कूल बसों, वैन एवं ऑटो के उचित जांच के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि ओवर स्पीड और ओवरलोडिंग के साथ-साथ वाहनों की स्थिति, दस्तावेज और ड्राइवर के लाइसेंस की अभियान चलाकर नियमित जांच करें।

## योजनाओं का क्रियान्वयन गाइडलाइन के अनुरूप हो

- बैठक में अनुपस्थित दो अभियंताओं के वेतन रोकने और शोकॉज करने निर्देश
- एक वर्ष से अधिक लंबित योजना को जल्दी पूर्ण करने का दिया निर्देश

रांची। रांची के जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त, मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय ब्लॉक- ए स्थित सभागार में डीएमएफटी/सीएसआर/अनटाइड फंड/ बीपीएसयू-पीएमएबीएचआईएम/ एमपीलैड्स/एमएलए फंड अंतर्गत कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निदेशक, डीआरडीए, रांची, सुदर्शन मुर्मू, जिला योजना पदाधिकारी, रांची, संजीव कुमार सिंह, सिविल सर्जन, रांची, डॉ प्रभात कुमार, जिला अभियंता, जिला परिषद, रांची, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, रांची, सहायक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, रांची, सहायक अभियंता, एनआरईपी-1, रांची, एवं डीएमएफटी पीएमयू के सदस्य उपस्थित थे। उपायुक्त, रांची ने बैठक में अनुपस्थित सागर प्रताप, कार्यपालक अभियंता, एनआरईपी-1, रांची एवं राधाकृष्ण मुरारी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, रांची को कारण पृच्छा (शोकॉज) करते हुए वेतन रोके जाने के लिए निर्देश दिया। इन दोनों अभियंता को बायोमेट्रिक के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त, रांची ने एमपीलैड्स/एमएलए फंड /पीएमएबीएचआईएम/अनटाइड फंड के तहत लंबित योजनाओं का कार्य प्राक्कलन के विशिष्टियों के अनुरूप ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करने तथा भूमि की अनुलब्धता के कारण जो योजना लंबित है, उसे संबंधित अंचलाधिकारी एवं एमओआईसी से समन्वय स्थापित कर कार्य पूर्ण करने तथा योजनाओं का क्रियान्वयन गाइडलाइन के अनुरूप करने का निर्देश दिया। डीएमएफटी/सीएसआर/पीएमएबीएचआईएम/ एमपीलैड्स/एमएलए फंड/अनटाइड फंड के तहत कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त, रांची द्वारा सभी लंबित योजनाओं को प्राक्कलन के विशिष्टियों के अनुरूप पूर्ण कराने का निर्देश सभी कार्यकारी एजेंसी को दिया गया। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने पीएमएबीएचआईएम/ बीपीएचसी/ आईपीएचएल/ एमपीलैड्स के तहत लंबित योजनाओं का कार्य प्राक्कलन के विशिष्टियों के अनुरूप ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करने तथा भूमि की अनुलब्धता के कारण जो योजना लंबित है, उसे संबंधित प्रखंड / पंचायत के मुखिया, अंचलाधिकारी एवं एमओआईसी से समन्वय स्थापित कर पूर्ण करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## अपने अनुभव का लाभ जरूरतमंद बच्चों को दें



नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची के जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित कांफ्रेंस कक्ष में पेंशन दरबार सह सेवानिवृत्ति विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने सेवानिवृत्त हुए कुल आठ शिक्षकों को मोमेंटो देकर और शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया।

ज्ञात हो कि जिले के इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षकों को उनके सेवानिवृत्ति के ही दिन सेवानिवृत्ति के सारे लाभ दे दिए गए। उपायुक्त भजन्त्री ने इस आयोजन में सभी सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षकों से कहा, सेवानिवृत्ति के बाद आप सभी जीवन में एक नए स्टेज में जा रहे हैं। आप सभी को शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन की ओर से ढेर सारी शुभकामनाएं। ईश्वर आपको लंबी उम्र और अच्छा स्वास्थ्य दे। आप सभी को जीवन के अगली कड़ी के लिए शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि आज सेवानिवृत्ति के ही दिन रिटायरमेंट बेनिफिट का सारा लाभ दिया जा रहा है, यह बहुत बड़ी बात है। उपायुक्त ने इस इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक को विशेष धन्यवाद दिया। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी शिक्षकों से विशेष रूप से कहा, आपके आसपास वैसे बच्चे, जिन्हें विशेष शिक्षा की जरूरत है, उन्हें अंग्रेजी, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषय पढ़ाएं। साथ ही, आप सभी समाज में क्या-क्या हो रहा है, इस पर ध्यान दें। उन्होंने सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षकों का वाहट्सएप ग्रुप बनाने का निर्देश जिला शिक्षा अधीक्षक को दिया, ताकि सेवानिवृत्त शिक्षक अपने अनुभव इस ग्रुप में साझा कर सकें।

**ये शिक्षक किए गए सम्मानित**

1. अशोक प्रसाद, सशि रामवि बंधुवा, नामकुम, रांची।
2. अंबिका देवी, सशि रामवि कन्या सिलवे, नामकुम, रांची
3. रामनरेश प्रसाद सिंह, सशि रामवि कुच्चू, ओरमांझी, रांची।
4. उषा कुला, सशि रामवि कुच्चू ओरमांझी, रांची।
5. सबीना कुजूर, सशि रामवि नगड़ी, रांची।
6. सुशील कुमार सांडिल, सशि रामवि बांकू, सोनाहातु-2।
7. जनक प्रसाद, सशि रामवि हुरहुरी, रातू, रांची।
8. लोलेन कंडुलना, सशि मिस्स डिफम बालिका मध्य विद्यालय चुटिया, रांची

**आज / कल**




# बिजली तार की चोरी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

नवीन मेल संवाददाता। रांची



शुक्रवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि इटकी थाना क्षेत्र स्थित ढोला से एलटी एबी बिजली की तार की चोरी अज्ञात अपराधियों द्वारा किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन और कार्रवाई के लिए ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा स्थानीय ग्रामीणों एवं बिजली विभाग के कर्मियों के साथ घेराबंदी कर चोरी कर रहे तीन अपराधकर्मियों को रंगेहाथ दबोचा गया। चोरी के समान को ले जाने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे एक टेम्पु चोरी के एलटी एबी बिजली की तार और तार काटने का औजार सहित तीन मोबाईल को बरामद किया गया। गिरफ्तार अपराधकर्मियों के अन्य साथी और बाकी चोरी के माल की बरामदगी के लिए गिरफ्तार अभियुक्त के निशानदेही के आधार पर लोहरदगा जिला स्थित राजा कबाड़ी के दुकान से एक बंडल चोरी किये गये एलटी एबी बिजली की तार की बरामदगी की गई। वहीं रांची स्थित इस्पात टॉवर के पीछे मां शितला इन्टरप्राईजेज नामक दुकान जिसके संचालक संजय कुमार हैं, वहां से पिता एलटी एबी बिजली की तार दो बंडल, बिना कोटेट पैंथर बिजली तार तीन मंडल, बिना कोटेट चार प्लास्टिक बोरा में बिजली तार को बरामद किया गया। बरामद चोरी के तार का अनुमानित मुल्य करीब आठ लाख पच्चास हजार रूपये हैं।

# श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में भव्य श्री श्याम भंडारे का हुआ आयोजन

- 2500 से ज्यादा भक्तजनों ने ग्रहण किया प्रसाद

नवीन मेल संवाददाता। रांची




श्री श्याम मित्र मंडल ने हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 158वें श्री श्याम भंडारे का भव्य आयोजन किया। आज 2500 से ज्यादा भक्तजनों ने प्रसाद प्राप्त किया।

श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, कमला देवी मारू एवं समस्त मारू परिवार ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया और ठाकुर जी से भोग स्वीकार करने का अनुरोध किया। खाटूनरेश, बजरंगबली, शिव परिवार, लड्डू गोपाल जी, शालिग्राम जी, गरुड़ जी, गुरुजनों को भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया। मारू परिवार ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को भोग प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के बीच अध्यक्ष सुरेश सरावगी के मार्गदर्शन में श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया। श्री श्याम मंदिर में निर्मित प्रसाद में आज के भंडारे में नमक अजवाइन की पूड़ी, आलू, लौकी, गोभी की झोलदार सब्जी, गरम बुंदिया, भुजिया, आमरस, खीर चूरमा का प्रसाद वितरण किया गया। श्री श्याम भंडारे का प्रसाद अध्यक्ष सुरेश सरावगी की निगरानी में शुद्धता के साथ निर्मित किया गया था। श्री श्याम भंडारे में अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, मंडल के वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, कमला देवी मारू, राजकुमार मारू, मनीष मारू, गौरव मारू, राहुल मारू, कल्पना देवी मारू, अर्चना देवी मारू, रुचि मारू, आरव प्रणवी मारू, वरिष्ठ सदस्य राजीव मित्तल, मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू, मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया, स्नेह पोद्दार, अमित सरावगी, रतन शर्मा, अनुज मोदी, आशीष डालमिया, मदन बगड़िया, कौशल चौधरी, सिद्धांत सिंघानिया, संकेत चौधरी, वेद भूषण जैन, अंकित सिंह, कृष्णा अग्रवाल, हर्ष कुमार, मनोज खेतावत सहित 50 से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया। मंगलवार को 157वें सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन होगा। ये सभी जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।



## विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता रथ को किया रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर जागरूकता कार्यक्रम का उदघाटन किया गया। जागरुकता कार्यक्रम अंतर्गत जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। जागरूकता रथ द्वारा पूरे जिले मे तंबाकू के हानिकारक प्रभाव एवं राष्ट्रीय निशुल्क तंबाकू नाशमुक्ति न 1800-11-2356 का प्रचार प्रसार किया जाएगा। जिला कुष्ठ पदाधिकारी डॉ तूलिका रानी ने बताया की इस वर्ष विश्व तंबाकू निषेध दिवस का थीम तंबाकू दिखावे का दम , इरादों में जहर, आकर्षण के पीछे का खतरनाक सच को उजागर करना है। इस दिखावे के दम को लोगों के सामने लाना हमारी जिम्मेवारी है। इस निशुल्क नंबर पर कोई भी जो तंबाकू छोड़ना चाहते है सोमवार को छोड़कर सुबह 8 बजे से रात्री 8 बजे तक परामर्श ले सकते है।

### जिले में स्वास्थ्य एवं शिक्षा को लेकर उपायुक्त की बड़ी पहल

# शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए सभी पंचायतों में पुस्तकालय खोलने का दिया निर्देश

- **आकस्मिक परिस्थितियों के लिए अगले 1 वर्ष में जिले की 25% आबादी को स्वास्थ्य मित्र बना कर सीपीआर एवं फर्स्ट एड किट इस्तेमाल करने का दिया जाएगा प्रशिक्षण**



**रामगढ़।** जिले में स्वास्थ्य एवं शिक्षा की दिशा में विकास के लिए उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज द्वारा बड़ी पहल की गई है जिसके तहत जिले के सभी पंचायतों में पुस्तकालय खोले जाएंगे एवं स्वास्थ्य संबंधित आकस्मिक परिस्थितियों के लिए स्वास्थ्य मित्र चिन्हित कर उन्हें सीपीआर एवं फर्स्ट एड किट इस्तेमाल करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज ने बताया कि जिले में शत प्रतिशत कार्यात्मक साक्षरता प्राप्त करने के लक्ष्य के तहत कार्य किया जाएगा। उपायुक्त द्वारा सभी पंचायतों में पुस्तकालय खोलने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारियों को संयुक्त रूप से अपने-अपने क्षेत्र में स्थल चिन्हित करने का निर्देश दिया है। उपायुक्त के निर्देश पर स्वास्थ्य संबंधित आकस्मिक परिस्थितियों में कार्य करने को लेकर जिले के सभी क्षेत्रों में प्रत्येक घर से एक सदस्य को स्वास्थ्य मित्र तैयार करने को लेकर कार्य योजना बनाई जा रही है। विशेष पहल के तहत अगले एक वर्ष में जिले के प्रत्येक घर से एक सदस्य को लगभग 25% आबादी को आकस्मिक परिस्थितियों में सीपीआर देने एवं फर्स्ट एड किट इस्तेमाल करने को लेकर तैयार किया जाएगा।

### 12वीं की परीक्षा में छात्रों का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

# विज्ञान में 89.7% और वाणिज्य में 95.1 % विद्यार्थियों ने परचम लहराया

- **उनकी इस सफलता के पीछे खुद उनकी मेहनत और लगन है साथ ही साथ शिक्षकों का मार्गदर्शन रहा है : प्राचार्य शंभू कुमार**
- **विज्ञान में प्रथम स्थान में कासिफ और वाणिज्य में निरंजन कुमार प्रथम स्थान पर रहें**







**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा इंटरमीडिएट विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय का परिणाम जारी किया गया। जिसमें जी एम इंटर महाविद्यालय, का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। इस परीक्षा परिणाम में विज्ञान संकाय में 89.7 प्रतिशत विद्यार्थियों को सफलता प्राप्त हुई है। जिसमें प्रथम स्थान कासिफ रजा, द्वितीय स्थान बबली कुमारी,तृतीय स्थान सुजल शर्मा,चतुर्थ स्थान भोला कुमार, पंचम स्थान सोनल कुमार, छठा स्थान साबिया खातून,सप्तम स्थान कुलदीप कुमार,अष्टम स्थान पायल कुमारी,नवम स्थान पवन कुमार,दशम स्थान सोनाली कुमारी ने प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में 95.1% विद्यार्थियों ने परचम लहराया है। जिसमें प्रथम स्थान निरंजन कुमार, द्वितीय स्थान स्वाति कुमारी,तृतीय स्थान चंदन कुमार राणा,चतुर्थ स्थान रानी कुमारी, पंचम स्थान अभिषेक कुमार, छठा स्थान रीमा कुमारी,सप्तम स्थान पूजा कुमारी,अष्टम स्थान अमन कैफ, नवम स्थान अभिराज कुमार,दशम स्थान अंकित कुमार ने प्राप्त किया। विद्यार्थियों के इस बेहतरीन प्रदर्शन से विद्यार्थियों और शिक्षकों में खुशी का लहर दौड़ आई है। प्राचार्य शंभू कुमार ने छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि उनकी इस सफलता के पीछे खुद उनकी मेहनत और लगन है साथ ही साथ शिक्षकों का मार्गदर्शन रहा है। सचिव विनय कुमार ने अपने विद्यार्थियों और मेहनती शिक्षकों सहित सभी कर्मचारियों को बधाई दी और कहा कि सही मार्गदर्शन के बदौलत आज महाविद्यालय का बेहतरीन प्रदर्शन रहा है और आगे भी महाविद्यालय के विद्यार्थी अपना परचम लहराते रहेंगे।

### आईसेक्ट इंटर कॉलेज का रिजल्ट रहा शत-प्रतिशत

**हजारीबाग।** आईसेक्ट इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने 12वीं विज्ञान व कॉमर्स में शानदार प्रदर्शन किया है। इस बार कॉलेज का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा और सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। बता दें कि आईसेक्ट इंटर कॉलेज का यह पहला बैच है। कॉमर्स में रेणु कुमारी ने 77.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज टॉपर बनी। वहीं विज्ञान में मनीषा जायसवाल ने 73.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज में दूसरे पायदान पर रही जबकि 72.8 प्रतिशत अंक हासिल कर लक्की कुमार तीसरे पायदान पर रहे। आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने विद्यार्थियों के शानदार सफलता के लिए सभी विद्यार्थियों को बधाई व शुभकामनाएं दी।

विज्ञान में **मनीषा जायसवाल** और कॉमर्स में **रेणु कुमारी** बनीं कॉलेज टॉपर



## यूथ विंग ने नवपदस्थापित उपायुक्त से की शिष्टाचार भेंट



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

हजारीबाग यूथ विंग का एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को हजारीबाग के नवपदस्थापित उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस भेंट के माध्यम से संस्था ने शशि प्रकाश सिंह को हजारीबाग की पावन धरती पर आगमन की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दी। संस्था की ओर से उपायुक्त को फूलों का गुलदस्ता एवं सम्मानस्वरूप शॉल भेंट किया गया। इस अवसर पर हजारीबाग यूथ विंग द्वारा पिछले चार वर्षों में किए गए समाजसेवी कार्यों की एक फाइल उपायुक्त महोदय के समक्ष प्रस्तुत की गई, जिसमें संगठन की जनहित में की गई विभिन्न पहलें, उपलब्धियाँ तथा भविष्य की कार्ययोजनाएँ संकलित थीं। हजारीबाग यूथ विंग पिछले चार वर्षों से लगातार सामाजिक कार्यों में सक्रिय रही है। संस्था ने शिक्षा,स्वास्थ्य, जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विशेष रूप से मार्च 2025 में आयोजित हजारीबाग का अब तक का सबसे बड़ा रक्तदान शिविर संगठन की बड़ी उपलब्धियों में गिना जा रहा है। इस शिविर में 221 यूनिट रक्त एकत्र कर अनेक ज़रूरतमंद मरीजों की जान बचाने में मदद की गई।

**उपायुक्त ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि**

युवाओं में यदि सामाजिक जिम्मेदारी की भावना हो तो वह जिले के विकास में बड़ा योगदान दे सकते हैं। मैं संस्था के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं देता हूँ और प्रशासनिक रूप से यथासंभव सहयोग का आश्वासन देता हूँ। संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि हजारीबाग यूथ विंग का उद्देश्य केवल कार्यक्रम करना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुँचाना है। उपायुक्त के सान्निध्य एवं सहयोग से हम अपने कार्यों को नई दिशा देना चाहते हैं। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन,रोहित बजाज, मोहम्मद ताजुद्दीन चंदन सिंह एवं उदित तिवारी शामिल रहें।

## दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष ने नए उपायुक्त का किया स्वागत



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने शनिवार को रामगढ़ जिले के नवपदस्थापित उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज से मुलाकात कर बुके भेंट कर उनका हार्दिक स्वागत किया एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर श्री मंगलेश ने उपायुक्त को दुलमी क्षेत्र की प्राथमिकताओं एवं जन सरोकार से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रशासनिक सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की। मंगलेश ने बताया की उपायुक्त ने सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में सभी बातों को गंभीरतापूर्वक सुना और जनहित में सकारात्मक कार्यप्रणाली के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## समाज सेवी कमल बगड़िया ने किया डीसी का स्वागत



**रामगढ़।** रामगढ़ के नवनियुक्त उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज का शनिवार को समाज सेवी कमल बगड़िया ने बुके देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। श्री बगड़िया ने बताया कि मुलाकात के दौरान उपायुक्त ने कहा कि रामगढ़ में विकास तेज गति से होता रहेगा एवं मुख्य रूप से शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। ताकि उचित शिक्षा और स्वास्थ्य का लाभ सभी को मिल सके। मुलाकात के दौरान कमल बगड़िया ने उपायुक्त को बताया कि रामगढ़ एक प्रेम पूर्ण एवं भाईचारे का शहर है जहां हर व्यक्ति आपसी सहयोग से मिलजुल कर, बढ़ चढ़कर काम करते हैं और आपके साथ हमेशा सहयोग बना रहेगा।

## झारोटेप ने किया उपायुक्त का स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंड ऑफिसर टीचर्स एम्पलॉई फेडरेशन(झारोटेप) के झारखंड प्रदेश उप महासचिव सह झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश संगठन सचिव डॉ सुनील कुमार कश्यप की अगुवाई में शनिवार को एक प्रतिनिधि मंडल ने रामगढ़ जिले के नव नियुक्त उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज से मुलाकात कर बुके देकर उनका स्वागत किया गया।

प्रतिनिधि मंडल में रामगढ़ जिला के झारोटेप के जिला अध्यक्ष श्याम किशोर महतो, सचिव बुद्धदेव मुंडा ,संरक्षक गुलाम साबरी, मिनहाज अंसारी, विकास मुंडा शामिल थे। झारोटेप के प्रदेश उप महासचिव डॉ सुनील कुमार कश्यप ने उपायुक्त को अपने संगठन का परिचय दिया । डॉ कश्यप ने बताया कि उपायुक्त ने आश्वासन दिया है कि कर्मचारियों को कोई परेशानी होगी तो उसका समाधान किया जाएगा।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय में नशामुक्ति प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**




**रामगढ़।** शनिवार को राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में नशामुक्ति प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार एवं सभी शिक्षकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस नशा मुक्ति अभियान के तहत छात्र छात्राओं को नशा से होने वाले दुष्प्रभाव एवं नशा से बाहर आने के उपाय छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सह प्रशिक्षक डॉ प्रेम प्रकाश ने कहा कि अगर जीवन को स्वस्थ एवं सुंदर बनाना है तो नशा छोड़ना होगा। नशे से न केवल स्वयं का जीवन बर्बाद होता है बल्कि पूरा परिवार तबाह हो जाता है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उन्होंने कहा कि नशा युवा पीढ़ी के लिए घातक है तथा सभी को नशा न करने के लिए प्रेरित किए। सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा नशा से व्यक्ति का मानसिक संतुलन बिगड़ जाता है जिससे उसका पूरा परिवार तबाह हो जाता है ।

## कांग्रेस नेता ने धार्मिक सहिष्णुता और सेवा की भावना का दिया संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**



**हजारीबाग ।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने शनिवार को हजारीबाग के पुराना बस स्टैंड स्थित होटल गुरुनानक पैलेस के समीप आयोजित सरबत सेवा कार्यक्रम में भाग लिया।

इस कार्यक्रम का आयोजन रम्मी जी और उनकी टीम द्वारा सिख धर्म के पाँचवें गुरु, गुरु अर्जुन देव की शहादत को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए किया गया। इस अवसर पर मुन्ना सिंह ने गुरु अर्जुन देव के बलिदान को मानवता, सहिष्णुता और सेवा का प्रतीक बताते हुए कहा, गुरु जी ने अपने जीवन से यह सिखाया कि प्रेम, सेवा और सहनशीलता से ही अत्याचार और अन्याय का उत्तर दिया जा सकता है। आज के समय में समाज को उसी भावना की फिर से आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा, गुरु जी का जीवन हमें यह सिखाता है कि जाति, धर्म या पंथ से ऊपर उठकर यदि हम सरबत दा भला अर्थात सभी के कल्याण की भावना से आगे बढ़ें, तो समाज में भाईचारे और सौहार्द की स्थापना निश्चित है।

## बीएड कॉलेज लारी में ग्रीष्मकालीन शिविर का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**




**रामगढ़।** डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा, लारी, रामगढ़ में शनिवार को महाविद्यालय के बहुउद्देशीय सभागार में ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार उपाध्याय के दिशा निर्देशन में कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिसमें प्रशिक्षुओं के रचनात्मक एवं सृजनात्मक कौशलों का विकास किया गया। बीएड एवं डीएलएड के प्रशिक्षुओं ने विभिन्न प्रकार के कौशलों जिसमें भाषण नृत्य-संगीत, कविता स्वलिखित रचनाएं, नाटक के माध्यम से अभिनय, संवाद आदि की प्रस्तुती दी ।

कार्यक्रम के उपरांत विजेता एवं उपविजेताओं को पुरस्कृत किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर विक्की करमाली, द्वितीय में दीक्षा खन्ना, तृतीय में अंकिता, करण, उमाशंकर, जितेन्द्र तथा चतुर्थ स्थान पर रूकैया फातमा रहा। मंच का संचालन बीएड प्रशिक्षु सतेन्द्र कुमार ने किया। मौके पर सहायक प्राध्यापक मो. परवेज अख्तर, नयन कुमार मिश्रा, डॉ. अशोक राम, इन्दु कुमारी झा, सुप्रिया बर्मन, मुरारी कुमार दुबे, बाबुचन्द प्रसाद, सुलेखा कुमारी, वरूण कुमार तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में नन्दलाल कुमार, श्रेया गुप्ता, बबलु कुमार आदि उपस्थित थे ।

### झोला छाप डॉक्टर ने पशु की ली जान, इलाज का पैसा लेकर हुआ रफूचक्कर

# पशु चिकित्सा पदाधिकारी झोलाछाप डॉक्टर को भेज इलाज करवाते हैं : मुखिया

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत चेचकपी के ग्राम हैठली डेबो निवासी राजू सिंह पिता स्वर्गीय पूरन सिंह का भैंसा कुछ दिन से बीमार था।वहीं झोला छाप चिकित्सक से इलाज के दौरान भैंसा की मौत हो गई। इस संबध में राजू सिंह ने कहा कि भैंसा के इलाज को लेकर पशु चिकित्सा पदाधिकारी से मिला तो उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सक चेतलाल प्रसाद चौधरी को भेज रहा हूँ। चेतलाल प्रसाद अपने आप को पशु चिकित्सक बता कर भैंसा का इलाज किया। इलाज के बदले 5हजार 5सौ राशि ली। इलाज करते समय भैंसा को जैसे उन्होंने इंजेक्शन लगाया की पशु की मौत हो गई। जिसके बाद चेतलाल प्रसाद भाग गया। ग्रामीणों संग पकड़ने का भी प्रयास किया लेकिन वह भाग निकला। मोबाईल पर कॉल किया तो फोन बंद बताया। पूरे घटना की जानकारी मुखिया प्रतिनिधि डेग़लाल साव को दी गई। जिसके बाद डेगलाल साव ने पशु चिकित्सा पदाधिकारी से संपर्क कर पूरे मामले की जानकारी दी। तत्पश्चात् पशु चिकित्सा पदाधिकारी श्री नाथ होनहोगा ने कहा कि मैं प्रयास कर मुआवजा दिलवाता हूं। इसके बाद भी नहीं देता है तो आप इसके खिलाफ आवेदन दे सकते हैं। जानकारी हो कि राजू सिंह के पास खेती करने के लिए दो भैंसा थे,जिसमें एक की मौत हो गई। यह व्यक्ति काफी गरीब परिवार से है।

**क्या कहते है मुखिया प्रतिनिधि**

गरीब व्यक्ति राजू सिंह की भैंसा का इलाज झोला छाप डॉक्टर से होने के कारण हो गई। गरीब व्यक्ति पशु चिकित्सा पदाधिकारी के पास जाते है तो वह झोलाछाप को भेज देतें हैं।

राजू सिंह खेती बारी कर जीवन यापन करते थे। एक भैंसा की मौत होने से उनके समक्ष विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है। ऐसे पशु चिकित्सा पदाधिकारी पर कार्रवाई होनी चाहिए।

**क्या कहते हैं पशु चिकित्सा**

इस संबंध में पशु चिकित्सा पदाधिकारी श्रीनाथ होनहोगा से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि चेतलाल प्रसाद ने बताया कि भैंसा को दम घोटू बीमारी थी और पशु मालिक को यह बात कर इलाज किया था कि ठीक हो भी सकता है और नहीं भी हो सकता है। इसकी जिम्मेवारी मेरी नहीं रहेगी।वहीं मुआवजा दिलाने के संबंध में पूछे जाने पर पशु चिकित्सा पदाधिकारी ने कुछ स्पष्ट नहीं कहा।

### डीसी ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के प्रबंधन के साथ बैठक की

# जिले स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना महत्वपूर्ण है : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**हजारीबाग।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में सदर अस्पताल सभाकक्ष में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त ने कहा इस बैठक का उद्देश्य जिला की स्वास्थ्य सेवाओं की वर्तमान स्थिति के अवगत होना है।

उपायुक्त ने सिलसिलेवार तरीके से जिला स्तर पर मैनपावर की स्थिति, स्वीकृत पदों के विरुद्ध कार्यरत मानवबल की स्थिति, ए.एन.एम की वर्तमान संख्या,स्वास्थ्य के भवनों की स्थिति, मेडिकल उपकरणों की स्थिति, संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमों की स्थिति( टीबी, डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया, टीकाकरण आदि ) उपायुक्त ने कहा कि जिला की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना महत्वपूर्ण है,फलस्वरूप हमें ज्यादा गंभीर और संवेदनशील होकर कार्य करने की आवश्यकता है। बैठक में अस्पताल की व्यवस्थाओं,मरीजों को दी जा रही सुविधाओं और भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि अस्पताल में लगे सुझाव और शिकायत पेटी ने आए मामलों को गंभीरता से लेने का निर्देश दिया।

# सिमडेगा में मैट्रिक टॉपर्स का सम्मान, डीसी ने बढ़ाया हौसला

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं की वार्षिक परीक्षा सत्र 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सिमडेगा जिले के टॉप 10 विद्यार्थियों को उपायुक्त आवास परिसर में शनिवार को आयोजित एक गरिमामय समारोह में सम्मानित किया गया।समारोह की शुरुआत में उपायुक्त कंचन सिंह ने विद्यार्थियों का स्वागत किया। इसके पश्चात उन्होंने विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह के रूप में शील्ड, मेडल, डिक्शनरी और प्रशस्ति पत्र भेंट किए। इस सम्मान समारोह में बच्चों ने उपायुक्त महोदय के साथ फोटो खिंचवाई और सामूहिक रूप से केक काटकर इस उपलब्धि को यादगार पल में बदल दिया। उपायुक्त ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जिला प्रशासन प्रत्येक बच्चे को

- लक्ष्य निर्धारण, अनुशासन और मेहनत पर ज़ोर
- 12वीं में भी टॉप कर राज्य व जिले का नाम रोशन करने की प्रेरणा

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रयासरत है। शिक्षा के क्षेत्र में समावेशी विकास और आधुनिक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए, प्रशासन सेवाभाव से कार्य कर रहा है ताकि हर बच्चा उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर हो सके।अंत में सभी बच्चों ने खुशी जताई और यादगार पल को संजोते हुए उपायुक्त महोदय संग सेल्फी ली।यह कार्यक्रम अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा और वे भी मेहनत और लगन से पढ़ाई करने को प्रेरित होंगे।

## सपनों की उड़ान के लिए अनुशासन और समर्पण जरूरी: उपायुक्त

उपायुक्त ने सभी को केक खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उपायुक्त ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए एक बड़ा लक्ष्य होना चाहिए, और उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सपने एक दिन में पूरे नहीं होते, बल्कि इसके लिए समर्पण, अनुशासन और कठिन परिश्रम जरूरी होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपनी यात्रा में आने वाली चुनौतियों से घबराएं नहीं, बल्कि उनका डटकर सामना करें। अपने लक्ष्य से भटके नहीं, और इसी



तरह मेहनत कर 12वीं में भी टॉप कर राज्य एवं जिले का नाम रोशन करें।उन्होंने यह भी कहा कि अक्सर देखा जाता है कि विद्यार्थी लक्ष्य प्राप्त न होने पर निराश हो जाते हैं, जो सही नहीं है। असफलता को अनुभव के रूप में लेकर आगे बढ़ना चाहिए। आदिवासी बहुल सिमडेगा जिला विकास के अन्य मानकों में पीछे रहने के बावजूद शिक्षा के क्षेत्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है, जो सराहनीय है।

# डीसी ने रामरेखा धाम का दौरा कर की पूजा अर्चना, विकास को लेकर जताई प्रतिबद्धता

- साफ-सफाई, श्रद्धालुओं की सुविधा, संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण और प्रचार-प्रसार पर चर्चा की

**नवीन मेल संवाददाता**




**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह ने अपने शनिवार को परिवार संग पवित्र स्थल रामरेखा धाम का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने जिले की सुख, समृद्धि एवं शांति के लिए विधिवत पूजा-अर्चना की। उपायुक्त ने रामरेखा धाम परिसर का निरीक्षण करते हुए इसके धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्व को सराहा और इसके समग्र विकास की संभावनाओं पर विचार किया। उन्होंने धाम परिसर की साफ-सफाई, श्रद्धालुओं की सुविधाओं, आधारभूत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण तथा प्रचार-प्रसार को लेकर कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की।रामरेखा धाम पूजा समिति के सदस्य गण ने बताया कि रामरेखा धाम की मान्यता भगवान राम से जुड़ी हुई है। यह माना जाता है कि वनवास काल के दौरान भगवान राम, लक्ष्मण और सीता यहां कुछ समय के लिए रुके थे। यहां अनेक धार्मिक स्थल, प्राचीन अवशेष और प्राकृतिक सौंदर्य मौजूद हैं, जो इसे एक महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल बनाते हैं।रामरेखा धाम पूजा समिति के सदस्यों ने उपायुक्त का स्वागत किया और उन्हें धाम की परंपरागत मान्यताओं, व्यवस्थाओं तथा विकास से जुड़ी आवश्यकताओं से अवगत कराया। इस दौरान समिति सदस्यों एवं उपायुक्त के बीच इस क्षेत्र के सुनियोजित विकास के लिए सहयोग पर बल दिया गया।

# युवाओं को लक्ष्य के प्रति केंद्रित रहने की सलाह: विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** जीईएल चर्च पेरिस स्तरीय 65वाँ युवा सम्मेलन शनिवार को बोंगराम में भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बिशप मुरेल बिलूंग तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन टकरमा पेरिस के अंतर्गत आने वाले पांच पास्टोरेट टकरमा, बोंगराम, लचरागढ़, बानो एवं बड़ी बिरंगा की सहभागिता में किया गया।सम्मेलन में पादरी, प्रचारक, युवा संघ, महिला संघ एवं क्षेत्र की हजारों की संख्या में युवक-युवतियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि बिशप मुरेल बिलूंग ने युवाओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आज की पीढ़ी को आध्यात्मिक मूल्यों से जुड़कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना चाहिए।विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, युवा ही देश, समाज और परिवार का भविष्य हैं। उन्हें चाहिए कि वे अपने लक्ष्य पर फोकस करें, ईमानदारी से मेहनत करें और अनुशासन को जीवन में अपनाएं।उन्होंने बाइबल में निहित वचनों, नियमों और दस आज्ञाओं के पालन पर बल देते हुए कहा कि नशापान, जुआ, ड्रग्स, व्यभिचार जैसे बुराइयों से दूर रहना चाहिए। कार्यक्रम में पेरिस चेयरमैन जे.पी. गुड़िया, पादरी बीरसेन गुड़िया, युवा संघ अध्यक्ष अजीत बुड, विधायक प्रतिनिधि सुलभ नेल्सन डुंगडुंग, पूर्वी मंडल अध्यक्ष राकेश कोनगाड़ी, युवा अध्यक्ष अमृत डुंगडुंग, संतोष बा, कंदरु नायक सहित 30 मंडलियों के प्रचारक उपस्थित रहे।

# बानो में स्वास्थ्य विभाग द्वारा हुरदा में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

- आयुष्मान, आभा, आधार एवं राशन कार्ड के स्टॉल भी लगाए गए
- बीपी, सुगर सहित विभिन्न जांचें और दवाओं का वितरण

**बानो।** प्रखंड क्षेत्र के हुरदा में आज शनिवार को स्वास्थ्य विभाग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो के द्वारा स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया है।स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन स्वास्थ्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोरंजन कुमार,गिर्दा ओपी प्रभारी जितेंद्र कुमार वर्मा,जमतई पंचायत मुखिया नामजन जोजो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।स्वास्थ्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोरंजन कुमार ने बताया कि उक्त कैम्प में बीपी,सुगर सहित विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य जांच किए गए,वहीं जांचोंपरांत मरीजों को निशुल्क दवा भी दी जा रही है.उक्त कैंप में स्वास्थ्य विभाग व अन्य विभागों के द्वारा आयुष्मान कार्ड,आभा कार्ड सहित आधार कार्ड राशन कार्ड आदि के भी स्टोल लगाए गए। शिविर में मुख्य रूप से स्वास्थ्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोरंजन कुमार,सदर अस्पताल के देवेश कांत, ब्लड बैंक के संदीप, पीएसी कर्मी, बीपीएम जेवियर लुगुन, कोल्ड चेन पंचम, बीडीएम आनंद प्रकाश जड़िया, हेल्थ वर्कर दुति उरांव, सीएचओ, एमपीडब्ल्यू, एएनएम, जीएनएम और स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे। इस शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो के सीएचओ, एएनएम, एमपीडब्लू, सहिया और अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# जलडेगा में अतिक्रमणकारियों पर चला प्रशासन का डंडा, सड़क किनारे से हटाईं झुग्गियां

**नवीन मेल संवाददाता**




**जलडेगा।** डीसी के निर्देश पर जलडेगा प्रखंड प्रशासन ने सड़क किनारे अवैध कब्जा करने वालेअतिक्रमणकारियों पर बड़ी कारवाई की है। अंचल अधिकारी शंभू राम के नेतृत्व में चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान में जलडेगा थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार, एसआई सुशील शाह, जयकांत कुमार, एएसआई बिनोद कुमार सहित पुलिस बल ने सड़क किनारे अस्थाई रूप से कब्जा किए हुए झुग्गियों को हटा दिया। प्रशासन की इस कारवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। वहीं अंचल कार्यालय के राजस्व उप निरीक्षक उमेश ठाकुर द्वारा माइक से लोगों को अतिक्रमण हटाने की अपील की जा रही थी। जानकारी देते हुए अंचल अधिकारी शंभू राम ने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर जिला स्तर में उपायुक्त महोदया की बैठक में निर्देश मिलने के बाद यह कारवाई की गई है। उन्होंने अतिक्रमण करने वाले सभी लोगों से रविवार तक खुद से अतिक्रमण हटाने की अपील की है। साथ ही उन्होंने सड़कों के पास निजी गाड़ियों की नहीं रखने और दुकान के सामान को दुकान के अंदर रखने की बात कही है। सीओ ने कहा प्रशासन की बातों को जो नहीं मानेंगे उनके ऊपर सार्वजनिक लोकहित भूमि अधिनियम 2000 के तहत् प्रावधानिक कार्रवाई की जाएगी।कारवाई के बाद अंचल प्रशासन द्वारा आम सूचना जारी कर जगह जगह चिपकाया गया। जिसमें लिखा गया है कि लचडागढ़ सड़क में प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालय मुख्य द्वार से थाना चौक तक एवं ओड़गा सड़क में थाना जलडेगा चौक से टेढ़ा पुल (घाघ नदी) तक सड़क के दोनो किनारे दुकान के सामने खुंटा गाड़कर सामान सड़क तक रखने तथा खुंटा-खम्भा गाड़कर घेरा किए हैं जिससे आम रास्ता संकीर्ण होने के कारण आवागमन में काफी कठिनाई होती है। जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है और जान-माल की क्षति होने की संभावना बनी रहती है। एतद् द्वारा सभी दुकानदारों, ठेलावालों, खुंटा पर झुगी-झोपड़ी लगाने वालों को सूचित किया जाता है कि तत्काल प्रभाव से अतिक्रमण स्वयं हटाना सुनिश्चित करें अन्यथा सार्वजनिक लोकहित भूमि अधिनियम 2000 के तहत् प्रावधानिक कार्रवाई की जाएगी तथा प्रशासन द्वारा हटाए जाने पर आप सभी से हटाए जाने का व्यय की राशि जुर्माना सहित वसूलीय होगी।अंचल अधिकारी शंभू राम ने कहा कि जलडेगा मेन रोड में स्थित पीएम श्री उच्च विद्यालय और शैलपुत्री मंदिर के आस पास 100 मीटर की परिधि में नशीले मादक पदार्थ बेचने अथवा मांस - मछली की दुकान लगाने वालों पर भी कारवाई की जाएगी।

# अपनी पहचान, संस्कृति और मूल्यों को न भूलें युवा : विधायक भूषण बाड़ा

**नवीन मेल संवाददाता**

**केरसई।** छोटानागपुर डायसिस युवा आंदोलन सी एन आई चर्च का 57वाँ वार्षिक शिविर सह जुबिली उत्सव का आयोजन किनकेल मंडली परिसर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने युवाओं को जीवन में सकारात्मकता,



अनुशासन और सेवा भावना के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि युवाओं को सही दिशा देना, उन्हें नेतृत्व के लिए तैयार करना और समाज के प्रति जागरूक बनाना है। आज के इस शिविर में युवाओं की भारी भागीदारी यह दर्शाती है कि हमारा भविष्य सुनहरा है।मैं आप सभी युवाओं से यही कहना चाहता हूँ कि अपनी पहचान, अपनी संस्कृति और अपने मूल्यों को न भूलें। उन्होंने आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे शिविर न केवल आध्यात्मिक उन्नति के लिए, बल्कि सामाजिक और मानसिक विकास के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं। विधायक ने यह भी आश्वासन दिया कि वे युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करते रहेंगे। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा, सामाजिक कार्यकर्ता संजय तिर्की, पादरी सुधीर लकड़ा, पादरी जॉर्ज जेम्स विल्सन, पादरी सुनील इमानुएल भुइया, पादरी मार्कस मुखी, पूर्व मुखिया सुनीता एक्का, पंचायत अध्यक्ष प्रकाश एक्का, सोभेन तिग्गा, मनोरंजन मिंज, सोनाली लकड़ा, जोलजस मिंज, संगीता बेग, प्रेरणा कुजूर, अभिषेक कुजूर, अमित तिर्की, मिल्टन मिंज, डेनियल तिर्की, अमन बड़ा, एडविन बड़ा, अभिनाश तिर्की, अनिल बड़ा, संदीप टोप्पो समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## समाज में शांति, प्रेम और भाईचारे का संदेश फैलाएं: विधायक

**सिमडेगा।** माता मरियम के पवित्र मई माह के अंतिम दिन शनिवार को तुमडेगी सोनपहाड़ी टोंगरी में मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। मिस्सा पूजा का नेतृत्व फादर बिराज चेलेकचेला, फादर इमानुएल बघवार, फादर प्रीमुष एक्का, फादर जॉन पॉल बाड़ा एवं फादर बसंत तिर्की ने संयुक्त रूप से किया गया।कार्यक्रम में विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। विधायक ने कहा कि आज माता मरिया के चरणों में आस्था प्रकट करने के लिए हजारों विश्वासी एकत्र हुए हैं। यह हमारी धार्मिक एकता और सांस्कृतिक



समर्पण का प्रमाण है। यह हमारे समाज में शांति, प्रेम और भाईचारे का संदेश फैलाता है। मैं सभी धर्मगुरुओं और आयोजकों को इस प्रेरणादायी कार्यक्रम के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ। विधायक ने यह भी आश्वासन दिया कि धर्म, संस्कृति और समाज के विकास के लिए वे सदैव समर्पित रहेंगे और इस प्रकार के धार्मिक स्थलों और आयोजनों को हरसंभव सहयोग करेंगे। मौके पर अजीत लकड़ा, 20 सूत्री अध्यक्ष सह उप प्रमुख सिलबेस्टर बघवार, मुखिया अनिल उरांव आदि उपस्थित थे।

## बानो में बागवानी सखियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**बानो।** बानो प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को बागवानी सखी के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी पंचायतों की चयनित बागवानी सखियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को बागवानी से संबंधित तकनीकी जानकारी प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था।प्रशिक्षण में बागवानी सखियों को पौधारोपण, पौधों की देखरेख, जैविक व रासायनिक दवा छिड़काव, और फसल विविधता जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा, बागवानी सखियों को यह प्रशिक्षण न केवल उनके लिए उपयोगी है, बल्कि इससे क्षेत्र के किसानों को भी लाभ पहुंचेगा। आप सभी को चाहिए कि इस ज्ञान का लाभ उठाकर बेहतर कार्य करें और किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में योगदान दें।"प्रशिक्षण सत्र में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी चारू मांझी और फिया फाउंडेशन के मनतोष कुमार ने मुख्य प्रशिक्षक की भूमिका निभाई। उन्होंने प्रतिभागियों को व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से बागवानी के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी।इस अवसर पर राष्ट्रीय आजीविका मिशन के बीपीएम कुंदन भगत, डीएम रितु राज सहित सभी पंचायतों की बागवानी सखियाँ उपस्थित रहीं।

# अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 1260 किलो महुआ व 15 लीटर देशी शराब नष्ट

**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जलडेगा तेली टोली में पुलिस एवं अंचल प्रशासन ने अवैध शराब के खिलाफ संयुक्त रूप से बड़ी करवाई करते हुए 1260 किलो जावा महुआ एवं 15 लीटर अवैध देशी शराब को पूरी तरह नष्ट कर दिया। पुलिस को गुप्त सुचना मिली थी की जलडेगा तेली टोली में बड़ी मात्रा में अवैध रूप से देशी शराब बनाई एवं बेची जा रही है जिसपर जलडेगा थाना प्रभारी जीतेन्द्र कुमार एवं अंचल अधिकारी शम्भू राम ने संयुक्त रूप से पुलिस बल के साथ तेली टोली जाकर छापामारी अभियान चलाया जिसमें 1260 किलो जावा महुआ एवं 15 लीटर देशी शराब सहित शराब बनाने वाले बर्तन आदि बरामद किया गया। जिसे मौक़े पर ही थाना प्रभारी एवं पुलिस के जवानों ने नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि शराब बनाने और बेचने वाले 15 घरों में छापेमारी की गई। जिसमें से 10 घरों में शराब पाई गई।

## पुलिस करवाई के डर से घरों में ताला लगाकर भाग गए शराब विक्रेता



अवैध शराब के विरुद्ध पुलिस द्वारा छापामारी अभियान देखकर तेलीटोली में शराब बनाने वालों में हड़कंप मच गया लोग बचने एवं अवैध शराब को बचाने हेतु अपने घरों में ताला लगाकर मौक़े से फरार हो गए हालांकि उनकी गलतफहमी दूर होते देर नहीं लगी मौक़े पर अंचल अधिकारी शम्भू राम की उपस्थिति में पुलिस द्वारा घरों के तालों को तोड़ा गया एवं घरों में रखे जावा महुआ एवं शराब को बाहर निकालकर पुलिस ने नष्ट कर दिया।जलडेगा तेली टोली के शराब निर्माण में लगे लोग पुलिस को चकमा देने की नियत से जमीन में भी जावा महुआ को गाड़कर छुपा दिया था जिससे पुलिस को इसकी भनक तक ना लगे हालांकि पुलिस के जवानों ने मुस्तैदी दिखाते हुए घर के बाहर खेतों में भी गाड़कर रखे जावा महुआ को बरामद कर नष्ट कर दिया। जलडेगा थाना प्रभारी जीतेन्द्र कुमार ने कहा की क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार किसी भी हालत में नहीं होने दिया जायेगा जो लोग इस कार्य में लगे हैं अविलम्ब इसे बंद कर दें अन्यथा कानूनी करवाई के लिए तैयार रहें। छापामारी अभियान में अंचल अधिकारी शम्भू राम, थाना प्रभारी जीतेन्द्र कुमार, एसआई सुशील शाह, एएसआई बिनोद राम, एएसआई किशोर महतो, मुंशी रंजीत सिंह सहित पुलिस बल के जवान एवं महिला चौकीदार उपस्थित थे।

# न्यूज बॉक्स

## कोचेडेगा के बांसपहाड़ गांव बना टापू, ग्रामीणों को भारी परेशानी

**सिमडेगा।** सदर प्रखंड के कोचडेगा पंचायत अंतर्गत बांसपहाड़ गांव इन दिनों बड़ी मुश्किलों का सामना कर रहा है। सरकार की योजना के तहत गाँव में कालीकरण सड़क का निर्माण किया जा रहा है, लेकिन बरसात का मौसम नजदीक आने के कारण यह कार्य गांववासियों के लिए संकट बन गया है।दरअसल, सड़क निर्माण के दौरान पुलिया निर्माण हेतु मुख्य रास्ते को काट दिया गया, जिससे बांसपहाड़ एक प्रकार से टापू में तब्दील हो गया है। रास्ता बंद हो जाने से ग्रामीणों को दैनिक आवागमन, विशेषकर बाजार तक पहुंचने और चिकित्सकीय आवश्यकताओं में गंभीर परेशानी हो रही है।सब्जी उत्पादन में प्रसिद्ध इस गांव के किसानों को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ रहा है। वे अपनी उपज को बाजार तक नहीं पहुंचा पा रहे हैं, जिससे आर्थिक हानि हो रही है।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय प्रतिनिधि ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण कार्य से जुड़े इंजीनियर को फोन कर तत्काल डायवर्सन मार्ग बनाने का निर्देश देने को कहा। उन्होंने आगाह किया कि यदि कोई व्यक्ति बीमार पड़ता है या गर्भवती महिला को अस्पताल ले जाना पड़े, तो कोई वैकल्पिक मार्ग नहीं है, और उन्हें कंधों पर उठाकर ले जाना पड़ सकता है।

## बानो क्षेत्र में कृषि सशक्तिकरण को लेकर विधायक सुदीप गुड़िया की पहल

**बानो।** तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया ने कृषि मंत्री से उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र के बानो सहित अन्य जगहों को कृषि के क्षेत्र को सशक्त बनाने की योजना पर विचार-विमर्श करना किया।विधायक सुदीप गुड़िया ने अपने क्षेत्र के किसानों की जरूरतों और समस्याओं को मंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया और उनके समाधान के लिए सुझाव दिए।उन्होंने सिमडेगा के बानो क्षेत्र में कृषि योजनाओं के उचित क्रियान्वयन और नई तकनीकों के समावेश से किसानों की आय में वृद्धि करने पर जोर दिया।मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की ने विधायक की बातों को ध्यान से सुना और उन्हें हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया, ताकि किसानों की स्थिति में सुधार हो सके और कृषि क्षेत्र को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया जा सके।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलेबिरा में मनाया विश्व तंबाकू निषेध दिवस

**कोलेबिरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलेबिरा अंतर्गत सभी स्वास्थ्य उप केंद्रों में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया।इस मौके पर स्वास्थ्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ के के शर्मा ने सबों को नशा रहित जीवन व्यतीत करने को प्रेरित किया तथा नशे से होने वाले दुष्प्रभाव की जानकारी दी।नशों से दूर रहने का संदेश दिया गया।डॉ मोहित सवइयां ने नशे विशेषकर तंबाकू के सेवन से सेहत पर पड़ने वाले बुरे असर की जानकारी दी। उसने कहा कि किस तरह तंबाकू न सिर्फ इसका सेवन करने वाले इंसान ही नहीं बल्कि उसके परिवार की जिंदगी को नर्क बना देता है। कार्यक्रम में बताया गया कि निकोटिन हमारे शरीर के लिए कितना हानिकारक है। जिससे छूटना मुश्किल है, लेकिन नामुमकिन नहीं। हमें चाहिए कि हम ऐसी चीजों से दूर रहें।हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया तत्पश्चात तंबाकू से हो होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए शपथ दिलाई गई।

## एनीमिया व बाल स्वास्थ्य कार्यक्रमों को लेकर प्रशिक्षण सह समीक्षा बैठक आयोजित

**सिमडेगा।** शनिवार को सदर अस्पताल के सभागार कक्ष में एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम, राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान एवं बाल दस्त नियंत्रण पखवाड़ा के सफल क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण सह समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सिविल सर्जन ने की।प्रशिक्षण में राजेश कुमार शर्मा (एविडेंस एक्शन) एवं पवन कुमार (यूनिसेफ) द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि एनीमिया मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग, जिला समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग तथा जेएसएलपीएस के बीच मजबूत समन्वय आवश्यक है।सिविल सर्जन ने कहा कि जिले से एनीमिया को जड़ से समाप्त करने के लिए सभी विभागों को एकजुट होकर प्रयास करना होगा। साथ ही 1 जून से 30 जून तक चलने वाले विटामिन 'ए' पूरक कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को दवा देने की व्यवस्था सुदृढ़ रूप से की जानी है। उन्होंने दवा की उपलब्धता एवं उचित वितरण प्रणाली पर भी जोर दिया।बाल दस्त नियंत्रण पखवाड़ा के अंतर्गत ओआरएस घोल और जिंक की गोलियों का वितरण एवं बच्चों को समय पर देने के निर्देश भी दिए गए।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर निकली जागरूकता रैली, तंबाकू मुक्त समाज की ली शपथ

**सिमडेगा।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शनिवार को सिमडेगा सदर अस्पताल परिसर से एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का आयोजन एएनएम प्रशिक्षण विद्यालय की छात्राओं, स्वास्थ्य सहिया एवं नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। रैली की शुरुआत सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई रैली में शामिल प्रतिभागियों ने तंबाकू के दुष्परिणामों से आम लोगों को अवगत कराने हेतु पूरे शहर का भ्रमण किया। रैली के माध्यम से "तंबाकू छोड़ो, जीवन बचाओ", "स्वस्थ जीवन की कुंजी तंबाकू से दूरी" जैसे नारों के साथ जनमानस को जागरूक करने का प्रयास किया गया।रैली समापन के बाद पुनः सदर अस्पताल परिसर में एक हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस अभियान के तहत नागरिकों ने तंबाकू न सेवन करने एवं दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की शपथ ली।सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि तंबाकू सेवन से कैंसर, हृदय रोग, श्वास संबंधी बीमारियाँ और अन्य घातक रोग उत्पन्न होते हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे इस बुरी आदत से दूर रहें और अपने परिवार व समाज को भी इसके प्रति सचेत करें।कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में तंबाकू उन्मूलन के प्रति जनचेतना बढ़ाना और एक स्वस्थ, सुरक्षित एवं तंबाकू मुक्त समाज का निर्माण करना था।

## केरसई में गोंडवाना समर कैंप का भव्य समापन, युवा सम्मेलन रहा आकर्षण का केंद्र

**केरसई।** प्रखंड अंतर्गत बासेन बखरीटोली में आयोजित 11वां गोंडवाना समर कैंप का समापन युवा सम्मेलन के साथ भव्य रूप से किया गया। सात दिवसीय इस कैंप में झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश से लगभग 500 प्रतिभागी और 50 से अधिक प्रशिक्षक शामिल हुए।समर कैंप में बच्चों को शारीरिक, बौद्धिक और मानसिक विकास के लिए विविध इंडोर और आउटडोर गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। ताइकांडो, सिलम्बम, योग जैसी विधाओं का प्रदर्शन बच्चों द्वारा समापन समारोह में किया गया, जिसे उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों ने सराहा।युवा सम्मेलन की शुरुआत ग्राम पाहन द्वारा पूजा-अर्चना से की गई। पहले सत्र को "युवा सत्र" के रूप में मनाया गया, जिसमें 84 युवाओं ने समाज की वर्तमान दशा, पारंपरिक व्यवस्थाओं और आधुनिक तकनीकों के समन्वय पर अपने विचार साझा किए।मुख्य अतिथि मुकेश बेसरा ने कहा, समाज के विकास में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। शिक्षा केवल नौकरी पाने का माध्यम नहीं, बल्कि नैतिक विकास का साधन है। विशिष्ट अतिथि रामप्रसाद साय ने कहा,इस प्रकार के आयोजन युवाओं में नेतृत्व और विचारशीलता की भावना जागृत करते हैं।

## कानरोआं, जामबेरा में ग्राम सभा की बैठक ग्रामीणों की समस्याओं पर हुई चर्चा

**बानो।** प्रखण्ड के राजस्व ग्राम कानरोआं, जामबेरा में ग्राम सभा की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में ग्रामवासियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। ग्राम सभा के विशेष आमंत्रण पर सांसद प्रतिनिधि एवं कांग्रेस बानो प्रखंड अध्यक्ष अजीत कंडुलना जी उपस्थित हुए। उनके साथ कांग्रेस प्रखंड महासचिव श्री हर्षित सांगा, महासचिव अभिषेक बागे, महासचिव सालन बागे तथा कानरोआं मोबिलाइज़र विकास माघइया भी बैठक में शामिल हुए।बैठक के दौरान ग्रामीणों ने गांव की विभिन्न समस्याओं को खुलकर साझा किया, जिनमें सड़क, जल आपूर्ति, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएँ प्रमुख थीं। जनप्रतिनिधियों ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने शासन से समन्वय स्थापित कर कार्यों के निष्पादन की बात कही। बैठक शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और ग्रामवासियों ने प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# हाथियों का झुंड विभिन्न गांवों के आसपास घूम रहा ग्रामीणों में दहशत



नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। प्रखंड के बगबंघवा, मधुवन के जंगल और इसके सीमावर्ती गिरिडीह जिले के बगोदर प्रखंड के कटदहवा घंघरी जंगल में हाथियों का झुंड पिछले दो दिनों से घूम रहा है।

हाथी के झुंड में छोटा हाथी भी शामिल है। हाथियों के भ्रमण से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। शुक्रवार की रात में ग्रामीणों ने मशाल जलाकर जंगल की ओर हाथियों को खदेड़ दिया। इसके बावजूद ग्रामीण डरे सहमे हुए हैं। उन्हें डर है कि हाथी का झुंड कभी भी गांव में आकर उत्पात मचा सकता है। ग्रामीण रतजगा कर रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों को दूर भगाने की मांग की है।

# इंटर महाविद्यालय बरही के 90.3% व कॉमर्स में 96.3% विद्यार्थी रहे सफल

- साइंस में रिया व बिपिन तथा वाणिज्य में अजय बने कॉलेज टॉपर, बधाई



रिया कुमारी



अजय कुमार

नवीन मेल संवाददाता

बरही । जैक इंटर की परीक्षा में बरही महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने इस बार भी इतिहास रचने का काम किया है. प्राचार्य अरुण कुमार दुबे ने बताया कि उनके महाविद्यालय से कुल 552 में 447 विद्यार्थियों ने विज्ञान की और 27 ने वाणिज्य की परीक्षा दिया था. इसमें विज्ञान के 5 विद्यार्थी अनुपस्थित थे. जिसमे विज्ञान में 457 प्रथम व 42 द्वितीय तथा वाणिज्य के सभी विद्यार्थी सफल हुए है. विज्ञान में रिया कुमारी पिता आदित्य प्रसाद केसरी व बिपिन कुमार पिता तपेश्वर यादव 88% अंक के साथ कॉलेज टॉपर एवं वर्षा कुमारी पिता बालेश्वर यादव 87% अंक के साथ द्वितीय और विनय कुमार पंडित पिता विनोद पंडित व अमित कुमार यादव पिता सहोदर यादव 84.6% अंक के साथ तृतीय टॉपर बनी है. वाणिज्य में अजय प्रसाद पिता रामा प्रसाद 84% अंक के साथ प्रथम टॉपर, शम्मा प्रवीण पिता मुख्तार आलम 78.2% अंक के साथ द्वितीय व बबलू कुमार राणा पिता शैलेश कुमार राणा 73.2% अंक के साथ तृतीय टॉपर बने हैं. प्राचार्य श्री दुबे सहित प्रो संतोष चौरसिया, प्रो संतोष कुमार पांडेय, विजय कुमार सिंह, सीताराम गोप, ओम प्रकाश सिंह, नंदेश्वरी कुमारी, अश्वनी कुमार, कामता प्रसाद, सुरेश पांडेय, धनंजय कुमार आदि शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मियों ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

# जिप सदस्य कुमकुम देवी के प्रयास से तुईयो के ग्रामीणों को मिला ट्रांसफार्मर



बरकट्ठा। प्रखंड के ग्राम तुईयो में दस दिन पूर्व हुई तेज बारिश, आंधी व आकाशीय बिजली चमक से ठाकुर टोला का ट्रांसफार्मर जल गया था जिसके बाद लोग अंधेरे में रहने को विवश थे। बिजली विभाग को इसकी सूचना दी गई। लेकिन ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया। तत्पश्चात लोगों ने जिप सदस्य कुमकुम देवी को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बिजली विभाग के पदाधिकारियों से संपर्क कर ट्रांसफार्मर लगाने की बात कही। जिसके बाद विभाग के वाहन से ही गांव तक नया ट्रांसफार्मर पहूंचाया गया।वहीं ग्रामीणों ने कुमकुम के इस प्रयास की सराहना की तथा भेखलाल मंडल, रामप्रसाद राम, वीरेंद्र राणा, किशोर मंडल, घनश्याम महतो, दुलारचन्द पासवान समेत अन्य ग्रामीणों ने जिप सदस्य कुमकुम देवी के प्रति आभार व्यक्त किया।

तुईयो में खुला बैंक ऑफ़ इंडिया का मिनी ब्रांच

# मिनी ब्रांच खुलने से लोगों को परेशानी कम होगी : बैंक मैनेजर

नवीन मेल संवाददाता



बरकट्ठाः- प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तुईयों में शुक्रवार को बैंक ऑफ़ इंडिया का मिनी ब्रांच खोला गया।इस निमित संचालिका मधु कुमारी,मुखिया शंकर रविदास,प्रमुख प्रतिनिधि उत्तीम महतो, बैंक ऑफ़ इंडिया के मैनेजर श्यामलाल सिन्हा, डालेश्वर पंडित, दीपक कुमार, मोतीलाल पंडित के द्वारा फीता काटकर मिनी ब्रांच का उद्घाटन किया गया। वहीं बैंक मैनेजर श्याम लाल सिंह ने कहा कि बैंक का मिनी ब्रांच खुलने से यहां के लोगों को पैसे निकासी और जमा करने में सुविधा होगी।कहा इस कार्य के लिए बरकट्ठा आने जाने में यहॉ आस पास के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था।अब समाधान हो गया है।मौके पर दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# धार्मिक व सामाजिक योगदान के लिए सदैव याद की जायेंगी आहिल्या बाई : विधायक

नवीन मेल संवाददाता



बरही । वाराणसी में अहिल्या बाई होल्कर विरासत समिति ने हॉल्कर 300वीं जयंती पर अभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया था. जिसमे बरही विधायक मनोज कुमार यादव शिरकत कर उन्हे नमन किया. साथ ही बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक कर क्षेत्र वासियों के सुख समृद्धि की कामना किया।

यह अभिषेक कार्यक्रम अहिल्या बाई होल्कर की महानता और उनके धार्मिक योगदान को याद में आयोजित की गई थी. विधायक श्री यादव ने बताया कि अहिल्या बाई होल्कर ने सामाजिक और धार्मिक सुधारों के साथ मंदिरों के जीर्णोद्धार व धर्मशालाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया था. हमें उनके जीवन यात्रा से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है. वह अपने सामाजिक व धार्मिक कार्य के लिए सदैव याद किए जायेगे. उन्होंने उनके जीवन आदर्शों को अपनाते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया. मौके पर विरासत समिति अध्यक्ष रेखा पाल, जंतलेश्वर यादव और रवि विश्वास भी मौजूद थे।

# समाजसेवी अनिरुद्ध पांडेय का निधन अपूरणीय क्षतिः चंद्रदीप पांडेय



बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गैड़ा निवासी समाजसेवी अनिरुद्ध पाण्डेय 80 वर्ष ,का निधन शनिवार सुबह में हो गया।विदित हो कि मृतक श्रोत्रिय नवयुवक ब्राह्मण संघ गैड़ा के अध्यक्ष अभय पाण्डेय के पिता थे। वहीं पंचायत के उपमुख्यमंत्री चंद्रदीप पांडेय ने बताया कि अनिरुद्ध पांडेय एक सामाजिक व्यक्ति थे । समाज में कोई भी कार्य में बढ़ चढ़कर भाग लेते थे। इनका निधन ब्राह्मण समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। मृतक अपने पीछे तीन पुत्र व चार पुत्री समेत भरा पुरा परिवार छोड़ चल बसे।वहीं मृतक का पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार गैड़ा शमशान घाट में शनिवार को किया गया। मौके पर काफी संख्या में समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# छऊ नृत्य सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक : सांसद



नवीन मेल संवाददाता

पश्चिम सिंहभूम। पश्चिम सिंहभूम जिला के चक्रधरपुर प्रखंड अंतर्गत भरनिया गांव में शनिवार को दो दिवसीय छऊ नृत्य प्रतियोगिता सह मेला का आयोजन भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के समापन समारोह में सिंहभूम की सांसद जोबा मांझी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि छऊ नृत्य झारखंड की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है, जिसमें वीरता, कला और परंपरा का अद्भुत संगम दिखाई देता है। यह नृत्य अपने ऊर्जावान प्रदर्शन, रंग-बिरंगे मुखौटों और प्रभावशाली अभिव्यक्तियों के लिए राज्यभर में प्रसिद्ध है।

कार्यक्रम के दौरान भरनिया गांव के ऊपर एवं नीचे टोला के कलाकारों ने पारंपरिक छऊ नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांसद ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन पारंपरिक कला को संरक्षण और नई पीढ़ी तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि यह नृत्य विशेषकर चैत्र पर्व, मासांत और अन्य सांस्कृतिक अवसरों पर राज्य के विभिन्न हिस्सों में प्रस्तुत किया जाता है।

इस सांस्कृतिक महोत्सव में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुखिया सरिता गागराई, झामुमो नेता रामलाल मुंडा, कांग्रेस नेता एवं पूर्व प्रत्याशी विजय सिंह सामाड, समाजसेवी गंगाराम गागराई, लखीराम सरदार, गुरूचरण नायक, जोहन सिंह सरदार, गंगाराम नायक और रतन सरदार समेत कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।

# सारंडा जंगल में नक्सली आईईडी ब्लास्ट में एक ग्रामीण घायल

पश्चिम सिंहभूम। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल क्षेत्र में शनिवार सुबह नक्सलियों की ओर से लगाए गए आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) विस्फोट में एक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना छोटानागरा थाना क्षेत्र के बालिबा गांव के पास की है। जब ग्रामीण जंगल में जलावन और साल के पत्ते चुनने गया था। पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि यह विस्फोट नक्सलियों की ओर से पुलिस बल को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से पहले से ही लगाया गया था, लेकिन दुर्भाग्यवश इसमें एक निर्दोष ग्रामीण चपेट में आ गया।पुलिस ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर घायल ग्रामीण को प्राथमिक उपचार के लिए मनोहरपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी स्थिति स्थिर बताई गई है। आवश्यकता पड़ने पर उसे बेहतर इलाज के लिए बड़े अस्पताल में रेफर किया जाएगा।

दुर्घटनाग्रस्त पीड़ित को आर्थिक मदद कर संस्थान ने निभाया कर्तव्य

# युवा साथी झारखंड संस्था हर विपरीत परिस्थिति में सेवा के लिए तत्पर : अध्यक्ष



नवीन मेल संवाददाता

बरही । अपनी जनसेवा कार्यों को आगे बढ़ते हुए युवा साथी झारखंड एक बार अपना फर्ज निभाने का काम किया है. संस्था के अध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि पिछले दिन प्रखंड के बेंदगी निवासी मुकेश पासवान के सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे. जो वर्तमान में इलाजरत है. आर्थिक रूप से इस व्यक्ति कमजोर इस व्यक्ति को मदद की सख्त आवश्यकता थी. सूचना मिलते ही अध्यक्ष ने सदस्यों संग पीड़ित के घर जाकर आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना किया. श्री सिंह ने कहा कि जनसेवा ही उनकी संस्था की प्राथमिकता है. विपदा में हर जरूरतमंद के साथ खड़ा संस्था का कर्तव्य है. ज्ञात हो कि उक्त संस्थान बीते कई वर्षो से बरही व हजारीबाग सहित आसपास के क्षेत्रों में ब्लड डोनेशन कैंप, वस्त्र वितरण आदि जैसे शिविर लगाकर लगातार आर्थिक व सामाजिक कार्य मदद कर जनता की सेवा करने का काम किया है. इस कार्य में संस्था के सचिव राजेश यादव, कोषाध्यक्ष सरफराज अहमद, शहाबुद्दीन अंसारी आदि महती भूमिका निभा रहे हैं।

# फोन कॉल पर ठेकेदार को उलझाया अकाउंट से निकाल लिया एक लाख



रामगढ़। साइबर अपराधी हर दिन नए-नए तरीके से लोगों के बैंक खाता खाली कर दे रहे हैं। रामगढ़ शहर में शनिवार को एक ऐसी घटना हुई जहां साइबर क्रिमिनल्स ने बड़े अनोखे तरीके से एक ठेकेदार के बैंक खाते से एक लाख रुपए निकाल लिए। शहर के बिजुलिया के रहने वाले जगमोहन सिंह शनिवार को स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के बिजुलिया में लगाए गए एटीएम मशीन से पैसे निकालने गए थे। उन्होंने जैसे ही एटीएम मशीन में अपना कार्ड डाला, वह कार्ड फंस गया। काफी मशक्कत के बाद भी जब कार्ड नहीं निकला, तो उन्होंने एटीएम मशीन के सामने दीवार पर लिखा केयरटेकर के नंबर पर कॉल किया। जिस व्यक्ति ने कॉल उठाया उसने बताया कि वह मुंबई कॉल सेंटर से बात कर रहा है। उन्हें अपनी समस्या के समाधान के लिए एसबीआई बैंक में जाने की सलाह दी। जगमोहन सिंह एटीएम से निकलकर बैंक जाने के लिए निकले। इस दौरान मोबाइल पर बात कर रहा व्यक्ति उन्हें अपनी बातों में उलझाए रहा। इस दौरान उनके अकाउंट से तीन ट्रांजैक्शन में 30,000 रुपये निकल गए। उन्होंने जब इसकी शिकायत की तो कॉल पर मौजूद व्यक्ति ने उन्हें ढांढस बंधाया। जब वे दोबारा एटीएम मशीन पहुंचे तो उनका कार्ड भी गायब था। उन्होंने जब इसके बारे में तथाकथित केयरटेकर को बताया, तो उसने कहा कि उनका एटीएम कार्ड मशीन के अंदर चला गया है। जब बैंक पहुंचकर जगमोहन सिंह ने अपने खाते का डिटेल निकला, तो पता चला कि खाते से एक लाख निकल चुके हैं। जगमोहन सिंह पिता गुरदेव सिंह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के कानपुर के रहने वाले हैं। वे पिछले पांच वर्षों से रामगढ़ में रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्टेट बैंक आफ इंडिया के अकाउंट से एटीएम से पैसे निकालने के लिए भी मोबाइल में ओटीपी आता है। उनके खाते से साइबर क्रिमिनल ने 10 ट्रांजैक्शन में एक लाख रुपए निकाले हैं, लेकिन एक बार भी उनके द्वारा ओटीपी शेयर नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि उनका एटीएम का लिमिट एक लाख ही है। इसलिए साइबर अपराधी उतने पैसे निकाल सके। अगर लिमिट ज्यादा होती तो उनका पूरा अकाउंट खाली हो जाता।

# झारखंड ग्रामीण पुलिस चौकीदारों को सौंपा गया नियुक्ति पत्र

तिसरी (गिरिडीह)। तिसरी प्रखंड में शनिवार को झारखण्ड ग्रामीण पुलिस यानि नवनियुक्त चौकीदारों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार के हाथों सभी नवनियुक्त 22 चौकीदारों को यह नियुक्ति पत्र सौंपा गया। जिसमें एक महिला व 21 पुरुष शामिल हैं। सभी को तत्काल प्रखंड सह अंचल कार्यालय में रखा गया है। बताया गया कि आदेश के बाद संबंधित थाने में भेजा जायेगा। बताते चलें कि झारखण्ड ग्रामीण पुलिस भर्ती प्रक्रिया पास कर ये युवा अब अपनी सेवा देने के लिए तैयार हैं। बीते दिनों इन्हे जिले में प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। नियुक्ति पत्र पाने वालों में तिसरी के उत्कर्ष तिवारी, रविंद्र कुमार, आनंद साव, राम किस्कू, सुनील हांसदा, बजल बास्के, सूरज शर्मा, शिवम कुमार फिलिप बास्के शामिल हैं।

# शहीद जवान लखींद्र मुंडा को सांसद जोबा मांझी ने दी श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता

पश्चिम सिंहभूम। पश्चिम सिंहभूम जिला में नक्सली हमले में शहीद हुए चाईबासा जिला बल के वीर जवान लखींद्र मुंडा को उनके पैतृक गांव टोयबो झरझरा में शनिवार को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर सिंहभूम की सांसद जोबा माझी ने कार्यक्रम में शिरकत कर शहीद जवान की प्रतिमा और तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

शहादत दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में शहीद के परिजनों समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और उनकी वीरता को याद करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के दौरान शहीद जवान की मां समेत परिवार के कई सदस्य भावुक हो उठे और वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। सांसद जोबा मांझी ने इस दौरान कहा कि लखींद्र मुंडा जैसे वीर जवानों की शहादत को देश कभी नहीं भुला सकता। उन्होंने नक्सलवाद के खिलाफ लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति दी और हमें उनकी शौर्यगाथा पर गर्व है।

उल्लेखनीय है कि 31 मई 2020 को नक्सलियों ने एक हमले में लखींद्र मुंडा सहित एक अन्य जवान की निर्मम हत्या कर दी थी। उनकी स्मृति में हर वर्ष गांव में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर होयोहातु के मुखिया रघुनाथ गुंदुवा, विधायक प्रतिनिधि पीरू हेम्ब्रम, ताराकांत सिजुई, झामुमो नेता रामलाल मुंडा, पूर्व मुखिया विजय सिंह सामाड, कमल लाल राम, प्रदीप महतो सहित झरझरा क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति और सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पूर्वी सिंहभूम में सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने निकले नोडल पदाधिकारी



पूर्वी सिंहभूम। पूर्वी सिंहभूम जिले में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और नागरिक सेवाओं की गुणवत्ता की वास्तविक स्थिति जानने के लिए जिला प्रशासन ने शनिवार को विशेष निरीक्षण अभियान चलाया। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर जिले के सभी प्रखंडों और नगर निकाय क्षेत्रों में नियुक्त नोडल पदाधिकारियों ने आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय, स्वास्थ्य उपकेन्द्र, जन वितरण प्रणाली की दुकान, मनरेगा कार्यस्थल और पंचायत भवनों का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान पदाधिकारियों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता और सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जुड़ी सेवाओं की उपलब्धता, गुणवत्ता और आम नागरिकों तक उनकी पहुंच का गहन परीक्षण किया। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने स्पष्ट किया कि इस अभियान का उद्देश्य सिर्फ योजनाओं की प्रगति देखना नहीं, बल्कि जमीन पर आ रही समस्याओं की पहचान कर त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि हर नागरिक तक सरकारी सेवाएं समय पर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पहुंचे। नोडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे निरीक्षण के निष्कर्षों पर त्वरित कार्रवाई करें और समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करें। उपायुक्त ने विश्वास जताया कि इस तरह के सतत निरीक्षण से प्रशासन की जवाबदेही बढ़ेगी और जनता का भरोसा मजबूत होगा।

# एक देश एक चुनाव' मुद्दे पर संगोष्ठी, मिला पूर्ण समर्थन

नवीन मेल संवाददाता




पलामू।'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के मुद्दे पर स्थानीय होटल ज्योति लोक के सभागार में शनिवार को प्रबुद्धजनों के साथ संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने की। जहां लोगों ने बारी-बारी से अपने मंतव्यों को रखा। सभी ने एक स्वर से एक देश, एक चुनाव पर बल दिया।

मौके पर सांसद ने कहा कि एक देश एक चुनाव का उद्देश्य है कि चुनावी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया जाए और चुनावों की आवृत्ति को कम किया जाए, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी। यह विचार वर्ष 1983 से ही अस्तित्व में है, जब निर्वाचन आयोग ने पहली बार इसे पेश किया था। हालांकि वर्ष 1967 तक भारत में एक साथ चुनाव आयोजित कराना एक सामान्य परिदृश्य रहा था।

लोकसभा के प्रथम आम चुनाव और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव 1951-52 में एक साथ आयोजित कराये गए थे। यह अभ्यास वर्ष 1957, 1962 और 1967 में आयोजित अगले तीन आम चुनावों में भी जारी रहा, लेकिन वर्ष 1968 और 1969 में कुछ विधानसभाओं के समय-पूर्व विघटन के कारण यह चक्र बाधित हो गया। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव आयोजित होने से शीर्ष नेताओं से लेकर स्थानीय प्रतिनिधियों तक पूरे देश का ध्यान भटक जाता है, जिससे विभिन्न स्तरों पर प्रशासन एक तरह से पंगु हो जाता है। यह चुनावी व्यस्तता भारत की विकास संभावनाओं पर नकारात्मक प्रभाव डालती है और प्रभावी शासन में बाधा उत्पन्न करती है। चुनावों के दौरान लागू आदर्श आचार संहिता राष्ट्रीय और स्थानीय दोनों स्तरों पर प्रमुख नीतिगत निर्णयों में विलंब का कारण बनती है।

यहां तक कि चल रही परियोजनाओं में भी बाधा उत्पन्न होती है, क्योंकि चुनाव संबंधी कर्तव्यों को प्राथमिकता दी जाती है, जिससे नियमित प्रशासन में सुस्ती आ जाती है। बार-बार चुनाव का आयोजन राजनीतिक भ्रष्टाचार में योगदान करते हैं क्योंकि प्रत्येक चुनाव के लिये उल्लेखनीय मात्रा में धन जुटाने की आवश्यकता होती है।

झारखण्ड सरकार स्वास्थ्य,चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग
कार्यालय जिला आयुश चिकित्सा पदाधिकारी–सह–
जिला आयुश समिति, रामगढ।
Email - damoramgarhayush@gmail.com
पारिश्रमिक के आधार पर योग प्रशिक्षकों के चयन हेतु विज्ञापन
विज्ञापन संख्या 01 (रा0)/2025

राष्ट्रीय आयुष मिशन, रॉंची जिलान्तर्गत संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) हेतु पारिश्रमिक के आधार पर योग प्रशिक्षकों का चयन किया जाना है। उम्मीदवार का आवेदन दिनांक 02.06.2025 से 11.06.2025 तक स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक के माध्यम से भेज सकते है। आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 11.06.2025 संध्या 05:00 बजे तक एवं योग प्रशिक्षक के Walk-In-Interview की तिथिः–16.06.2025 से 17.06.2025 तक निर्धारित है। निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

| क्र | पद का नाम | पद की संख्या | आवश्यक आर्हता | पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | योग प्रशिक्षक (पुरुष/महिला) | पुरुष–28<br>महिला–04 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से योग के विषय पर डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट कोर्स का होना या योगा सर्टिफिकेशन बोर्ड/प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना से सर्टिफाईड योग प्रशिक्षक होना अनिवार्य है। | योग प्रशिक्षक को प्रत्येक सत्र के लिए रू0 250/–प्रति योग सत्र देय होगा। |

इच्छुक योग प्रशिक्षकों हेतु नियम एवं शर्तों –
1. आवेदन प्रपत्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) की सूची कार्यालय जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, रामगढ़ के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) के 3–5 किलोमीटर की परिधि में रहने वाले पुरूष एवं महिला योग प्रशिक्षकों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।
3. साक्षात्कार (Walk-In-Interview) में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
4. उम्मीदवार साक्षात्कार हेतु शैक्षणिक प्रमाण–पत्र एवं अन्य प्रमाण–पत्रों की मूल प्रति के साथ स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति की दो प्रति एवं दो रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।
5. यदि साक्षात्कार के पश्चात् उम्मीदवारों के समान अंक होने पर उनके योग के विशय पर डिग्री/डिप्लोमा के प्राप्तांक के आधार पर चयनित किया जाएगा।
6. आयुष औषधालय जिन्हें आयुष आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में Up-grade किया गया उनमे प्रत्येक केन्द्र अन्तर्गत पुरूष योग प्रशिक्षक द्वारा 32 सत्र एवं महिला योग प्रशिक्षक द्वारा 20 सत्र आयोजित किया जाना है। प्रत्येक सत्र एक घंटे की होगी एवं प्रति सत्र योग प्रशिक्षक को 250/–रू० देय होगी एवं स्वास्थ्य उपकेन्द्र जिन्हें आयुष आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में Up-grade किया गया उनमे प्रत्येक केन्द्र में पुरूष योग प्रशिक्षक द्वारा 10 सत्र आयोजित किया जाना है। प्रत्येक सत्र एक घंटे की होगी एवं प्रति सत्र योग प्रशिक्षक को 250/–रू० देय होगी।
7. भर्ती के किसी चरण में यदि उम्मीदवार निर्धारित पात्रता/अर्हता को पूरा नहीं करता है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।
8. उम्मीदवार को सूचित किया जाता है कि नौकरी के नियमितीकरण के संबंध में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा अगर भविष्य में नियमितीकरण का दावा करते है तो वैसी स्थिति में उनकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जायेगी ।
9. उम्मीदवारों द्वारा कार्यालय जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी–सह–जिला संयुक्त औशधालय, रामगढ़ नगर परिशद मुरकिला, वार्ड न0–30, रामगढ़–2, पोस्ट–गोसा, पिन– 825101 पते पर स्पीड पोस्ट के माध्यम से अपना आवेदन प्रपत्र, शैक्षणिक प्रमाण–पत्र एवं अन्य प्रमाण–पत्रों की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति भेजनी होगी।
10. प्राप्त आवेदनों के स्क्रूटिनी के पश्चात् योग्य उम्मीदवारों को दिनांक 16.06.2025 से 17.06.2025 तक, प्रातः 10 बजे पूर्वाह्न में सिविल सर्जन कार्यालय, रामगढ़ के सभागार में आयोजित साक्षात्कार (Walk-In-Interview) में भाग लेना होगा।
11. स्क्रूटिनी के पश्चात् योग्य उम्मीदवारों को साक्षात्कार की सूचना https://ramgarh.nic.in पर प्रकाशित की जाएगी।
12. इस विज्ञापन में टंकक अशुद्धि/संशोधन तथा साक्षात्कार की तिथि में आवश्यकतानुसार परिर्वतन करने का अधिकार जिला चयन समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

आवेदन का प्रपत्र एवं सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुश) की सूची रामगढ़ जिला के वेवसाईट www.ramgarh.nic.in पर उपलब्ध हैं।

जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी –सह–सदस्य सचिव, जिला स्तरीय चयन समिति. रामगढ़।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सह–अध्यक्ष, जिला स्तरीय चयन समिति. रामगढ़।

PR 353991 District(25-26)D

